तापमान

भोपाल	25.0°	37.0°
इंदौर	24.0°	35.0°
जबलपुर	27.0°	36.0°
ग्वालियर	26.0°	42.0°
सागर	24.0°	36.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 211, पृष्ठ 12)
आषाढ़, प्रतिपदा संवत् 2083
मंगलवार, 30 जून 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... मप्र को मिलेंगे आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण

खेल... झारखंड की तीन बेटियां भारतीय जूनियर महिला हाकी ...

व्यापार... सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और ...

देश-विदेश... तनाव बढ़ाने वाले बयान दे रहे नेता, लाए जा रहे ...

राष्ट्र सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों का सम्मान

राष्ट्रपति ने वीरता और विशिष्ट सेवा पदकों से किया सम्मानित

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-2026 के द्वितीय चरण में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वीरता और विशिष्ट सेवा पदक विजेताओं को सम्मानित किया। यह सम्मान राष्ट्र की सुरक्षा, आतंकवाद और उग्रवाद के विरुद्ध अभियानों, सीमाओं की रक्षा, वायु एवं समुद्री अभियानों तथा मानवीय सेवाओं में असाधारण साहस और उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किए गए।समारोह में रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी के लेफ्टिनेंट जनरल रंजीत सिंह को अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स के लेफ्टिनेंट जनरल पुनीत आहूजा, सेना चिकित्सा कोर के लेफ्टिनेंट जनरल चिय्यारथ गोपालन मुरलीधरन, कोर ऑफ इंजीनियर्स के लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह तथा लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिल्ला, ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स के लेफ्टिनेंट जनरल आदित्य विक्रम सिंह राठी, इन्फैंट्री के लेफ्टिनेंट जनरल मोहिंदर पाल सिंह, कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स के लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वांड्रा, कॉर्प्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स के लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वाष्णेय तथा एयर मार्शल तरुण चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इससे पूर्व इसी माह आठ जून को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह के प्रथम चरण का आयोजन किया गया था, जिसमें भी वीरता पुरस्कार प्रदान किए गए थे।

छठी कक्षा के नए बैच से चरणबद्ध लागू होगी नई व्यवस्था

सीबीएसई में तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं होगी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत तीन भाषा नीति के संबंध में नई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में दसवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर यह व्यवस्था लागू नहीं होगी। साथ ही, अभी सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों को भी दसवीं बोर्ड परीक्षा में तीसरी भाषा की परीक्षा से एक बार की छूट प्रदान की जाएगी।

बोर्ड की शैक्षणिक निदेशक प्रज्ञा एम. सिंह के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पहले से नौवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी दो विदेशी भाषाओं का अध्ययन जारी रख सकेंगे, लेकिन उन्हें तीसरी भाषा के रूप में एक भारतीय भाषा शामिल करनी होगी। इस भाषा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जाएगा तथा दसवीं बोर्ड परीक्षा में इसका पृथक प्रश्नपत्र नहीं होगा।

बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में छठी कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों तथा उसके बाद के सभी बैचों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य होगा। इनमें दो भारतीय भाषाएं शामिल होना आवश्यक रहेगा। यही विद्यार्थी दसवीं कक्षा में पहुंचने पर तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा भी देंगे।

दूसरे राज्य में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को मध्य स्तर से लेकर नौवीं कक्षा तक अपनी वर्तमान तीसरी भाषा जारी रखने की अनुमति होगी। विदेश स्थित विद्यालयों तथा भारत लौटने वाले विदेशी विद्यार्थियों को तीसरी भाषा के रूप में भारतीय भाषा पढ़ने से छूट दी गई है। बोर्ड ने विद्यालयों से उपलब्ध संसाधनों और शिक्षकों के माध्यम से इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए हैं।

खास-खबरें

केतन से एक करोड़ लेकर चेतन को दिए

नईदुनिया ब्यूरो, पुणेः केतन अग्रवाल हत्याकांड की जांच में नए तथ्य सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार, सिया ने विवाह की खरीदारी के नाम पर केतन से एक करोड़ रुपये लिए थे, जिन्हें कथित रूप से चेतन चौधरी को दे दिया गया। मामले में विदेश यात्रा के लिए 6 जून को हवाई अड्डे तक छोड़ने वाले वाहन चालक वैभव जाधव का बयान भी दर्ज किया गया है। चालक के अनुसार, सिया यात्रा पर जाने की इच्छुक नहीं थी। उसने यह भी दावा किया कि हवाई अड्डे पहुंचने के बाद केतन का पासपोर्ट गायब होने की सूचना मिली, लेकिन वाहन की तलाशी के बावजूद वह नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पाकिस्तान में समाचार चैनल पर प्रतिबंध

इस्लामाबाद, एजेंसीः पाकिस्तान के प्रमुख उर्दू समाचार चैनल जियो न्यूज का प्रसारण लाइसेंस 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण ने मुहर्रम से जुड़े एक कार्यक्रम पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया है। कार्रवाई के बाद चैनल ने विवादित कार्यक्रम अपने सभी डिजिटल माध्यमों से हटा दिया और इसे संपादकीय चूक बताते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली।

असम के 96 गाँव जलमग्न, 22 हजार से अधिक लोग प्रभावित

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः अरुणाचल प्रदेश और असम में लगातार हो रही वर्षा से बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। अरुणाचल प्रदेश के 12 जिलों में भारी वर्षा से आधारभूत संरचना को नुकसान पहुंचा है। वहीं, असम में लेकू नदी के उफान के कारण 96 गाँव जलमग्न हो गए हैं और छह जिलों के 22 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। सबसे अधिक असर धेमाजी जिले में पड़ा है, जहां लगभग 16 हजार लोग बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ से 1,690 हेक्टेयर फसल भी प्रभावित हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू से दूरभाष पर स्थिति की जानकारी ली।

मोदी सेशेल्स में प्रवासी भारतीयों से मिले

- श्रीगणेश मंदिर में की पूजा-अर्चना, महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित

विक्टोरिया, एजेंसीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे के अंतिम दिन सोमवार को भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने विक्टोरिया में प्रवासी भारतीयों से संवाद किया तथा उनके साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए। इसके बाद उन्होंने अरुल मिहु नवशक्ति विनायकर मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी कार्यक्रमों के उपरांत प्रधानमंत्री नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए।दौरे के दौरान भारत और सेशेल्स के बीच विकास तथा द्विपक्षीय सहयोग को नई दिशा देने वाले उन्नीस महत्वपूर्ण समझौतों और परियोजनाओं की घोषणा की गई। इनमें एकीकृत भुगतान प्रणाली आधारित डिजिटल भुगतान व्यवस्था, बारह सौ पचास करोड़ रुपये की ऋण सहायता, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, अंतरिक्ष तथा समुद्री सुरक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। भारत ने सेशेल्स को एक तीव्र गश्ती पोत, दस उपयोगी वाहन, पाँच नौकाएं, छह एम्बुलेंस, पाँच सौ मीट्रिक टन चावल तथा आठ हजार पाँच सौ मीट्रिक टन सीमेंट भी प्रदान किया। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के पचास वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इन पहलों को विशेष महत्व दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स के पचासवें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भी भाग लिया। वह सेशेल्स के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी, भारतीय नौसेना तथा नौसेना के मार्चिंग बैंड ने भी सहभागिता की। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री को सेशेल्स के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

बाबा बर्फानी की हुई प्रथम पूजा, तीन जुलाई से यात्रा



नईदुनिया ब्यूरो, जम्मू-श्रीनगरः अमरनाथ यात्रा प्रारंभ होने से तीन दिन पहले सोमवार को बाबा बर्फानी की प्रथम पूजा संपन्न हुई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल तथा श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने पूजा-अर्चना कर यात्रा की विधिवत शुरुआत की। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से प्रारंभ होगी तथा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी। कुल 57 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के लिए 15 अप्रैल से अब तक चार लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। श्रद्धालुओं का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से रवाना होगा।

फिलहाल अमेरिका-ईरान ने सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनाई सहमति

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, एजेंसीः अमेरिका और ईरान ने फिलहाल एक-दूसरे के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है।

पिछले तीन दिनों से जारी सैन्य तनाव के बीच दोनों देशों ने बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने का निर्णय लिया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, 17 जून को हुए सहमति पत्र के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा जारी रहेगी।

इसी क्रम में मंगलवार को कतर में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच तकनीकी स्तर की वार्ता होगी। सहमति के अनुसार, होर्मुज मार्ग से व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही निर्बाध जारी रहेगी। हाल के दिनों में इसी समुद्री मार्ग को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इससे पहले अमेरिका ने ईरान के प्रक्षेपास्त्र और रडार ठिकानों पर कार्रवाई की थी। इसके जवाब में ईरान ने कुवैत और बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ताजा घटनाक्रम के बाद दोनों पक्षों ने फिलहाल सैन्य टकराव रोककर संवाद के माध्यम से समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की है। इसके साथ ही होर्मुज से तेल के जहाजों को सुरक्षित निकालने अन्य देशों में प्रयास हो रहे हैं।

मप्र बनेगा हरित ऊर्जा का अग्रणी केंद्र : डॉ. यादव

- नीमच और शाजापुर को मिली सौर ऊर्जा परियोजनाओं की बड़ी सौगात

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ नीमच में 500 मेगावाट क्षमता वाले नीमच सौर ऊर्जा पार्क तथा 450 मेगावाट क्षमता वाले शाजापुर सौर ऊर्जा पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर 1,553.98 करोड़ रुपये की लागत से औद्योगिक इकाइयों एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हरित विकास, निवेश और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए मध्यप्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीमच, मंदसौर, रतलाम और उज्जैन क्षेत्र नए औद्योगिक विकास केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नीमच जिले में वर्तमान में 675 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं संचालित हैं, जबकि लगभग 1,952 मेगावाट क्षमता की नई परियोजनाओं पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि नए सौर ऊर्जा पार्क से 2.14 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध होगी, जिसे देश में सबसे कम दरों में माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में रोजगार आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। फूड पार्क, वस्त्र उद्योग पार्क तथा अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने नीमच के भादवा माता मंदिर परिसर के विकास कार्यों के लिए 17 करोड़ रुपये स्वीकृत करने की घोषणा भी की। जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया तथा छात्राओं को हेलमेट वितरित किए गए।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन की लागत देश में सबसे कम है और नई परियोजनाएं प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में नई पहचान देंगी। उन्होंने प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने तथा ग्रामीण और आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में सौर ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किए गए।

राममंदिर चढ़ावा केस में आरोपियों को जेल भेजा

- ट्रस्ट की बैठक पहले होगी, वकील पैरवी नहीं करेंगे

नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्याः राममंदिर चढ़ावा प्रकरण में गिरफ्तार आठ आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी। पुलिस ने आरोपियों की अभिरक्षा नहीं मांगी। जांच के तहत पुलिस आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी जुटाने के लिए अयोध्या धाम स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा पहुंची। सात आरोपियों के खातों का विवरण लेकर यह जांच शुरू की गई है कि मंदिर में नियुक्ति के बाद उनके खातों में कितनी धनराशि जमा हुई। बैंक के दो कर्मचारियों को भी नोटिस जारी किया गया है। उधर, राममंदिर ट्रस्ट की 11 जुलाई को प्रस्तावित बैठक अब 6 जुलाई को अयोध्या में आयोजित होगी। वहीं, अयोध्या के अधिवक्ताओं ने बैठक कर निर्णय लिया कि चढ़ावा प्रकरण के आरोपियों की ओर से कोई भी अधिवक्ता पैरवी नहीं करेगा।

रेप-मर्डर के दोषी को फांसी की सजा

नईदुनिया ब्यूरो, पुणेः महाराष्ट्र के पुणे जिले में 3 साल की बच्ची से रेप और हत्या करने के आरोपी 65 साल के दोषी भीमराव कांबले को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट का यह फैसला वारदात के 60 दिन बाद आया है। अदालत ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी का बताते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य बेहद क्रूर, अमानवीय और बर्बर था। सोमवार सुबह 11 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को अदालत में पेश किया गया था। कांबले पेशे से मजदूर हैं। वह 7 बच्चों का पिता और 11 बच्चों के दादा हैं। कांबले पर पहले भी एक महिला और 17 साल की किशोरी से दुर्व्यवहार करने का आरोप है।

सफल परीक्षण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की संयुक्त उपलब्धि...

खराब दृश्यता में भी सुरक्षित उतरेंगे विमान, सफल परीक्षण

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः देश में पहली बार किसी बड़े यात्री विमान का बिना भूमि आधारित रेडियो संकेतों के केवल उपग्रह संकेतों की सहायता से सफलतापूर्वक सुरक्षित अवतरण कराया गया है। इस उपलब्धि से अब खराब दृश्यता और प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी विमानों की सुरक्षित अवतरण व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

यह परीक्षण 27 जून को विमानन महानिदेशालय की देखरेख में किया गया, जिसमें एक यात्री विमान ने स्वदेशी 'गगन' नौवहन प्रणाली का सफल उपयोग किया। इससे पहले वर्ष 2022 में छोटे विमानों पर इस प्रणाली का परीक्षण किया गया था, लेकिन किसी बड़े यात्री विमान के साथ यह देश का पहला सफल परीक्षण माना जा रहा है। गगन का पूरा नाम 'वैश्विक स्थिति निर्धारण प्रणाली समर्थित भू-संवर्धित नौवहन प्रणाली' है। इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह स्वयं कोई स्वतंत्र नौवहन प्रणाली नहीं है, बल्कि उपग्रह आधारित स्थिति निर्धारण संकेतों की त्रुटियों को सुधारकर उन्हें अधिक सटीक और विश्वसनीय बनाती है, जिससे विमान सुरक्षित रूप से निर्धारित मार्ग का अनुसरण कर सकें।

वर्तमान में अधिकांश बड़े हवाई अड्डों पर विमानों के सुरक्षित अवतरण के लिए भूमि आधारित उपकरणों और रेडियो संकेतों पर आधारित प्रणाली का उपयोग किया जाता है। इसके विपरीत, नई उपग्रह आधारित प्रणाली में भारी अवसंरचना की आवश्यकता नहीं होती। उपग्रह सीधे विमान को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं, जिससे कम दृश्यता में भी सुरक्षित अवतरण संभव हो सकेगा। इस तकनीक का सबसे अधिक लाभ उन छोटे और द्वितीय श्रेणी के हवाई अड्डों को मिलेगा, जहां महंगी पारंपरिक अवतरण प्रणाली उपलब्ध नहीं है। इससे प्रतिकूल मौसम के दौरान भी विमानों का संचालन अधिक सुरक्षित और सुगम बनाया जा सकेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण देश के अनेक हवाई अड्डों पर उपग्रह आधारित अवतरण प्रक्रियाएं लागू कर चुका है और वर्ष के अंत तक इनकी संख्या में और वृद्धि की संभावना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार, गगन प्रणाली का उद्देश्य नागरिक उड्डयन को अधिक सुरक्षित, सटीक तथा ईंधन की बचत करने वाला बनाना है। यह उपलब्धि देश के तेजी से विकसित हो रहे विमानन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।